आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 23.08.2024 समय : 18.30 पीएम

- पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर देशभर में हुए विभिन्न कार्यक्रम– प्रदेश में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की महत्ता और भारत की अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी गई।

- शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा दिशा–निर्देश–2021 लागू करने का निर्देश दिया।
- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली समान पात्रता परीक्षा –सीईटी ग्रेजुएशन लेवल में अब नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी।
- प्रदेश में कई स्थानों पर जोरदार बारिश– पूर्वी हिस्सों में आगामी 5–6 दिन मानसून सक्रिय रहने के आसार

000

देश आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। आज ही के दिन पिछले साल चन्द्रयान–3 ने अभूतपूर्व उपलब्धि दर्ज की थी। इस मौके पर पूरे देशभर में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य समारोह नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है।

--------------------

राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरिक्ष खोज से मानवीय क्षमताएं बढी हैं, जिनसे कल्पना को वास्तविकता में बदलने और ब्रह्मांड के रहस्यों को उजागर करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि इसरो के चंद्रयान का चांद पर उतरना सभी भारतीयों के लिए गौरवशाली क्षण था। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां असाधारण रही हैं, जिनमें न्यूनतम संसाधनों के जरिए मंगलयान मिशन को पूरा करना और एक साथ सौ उपग्रह छोडने जैसे कार्य शामिल हैं। राष्ट्रपति ने 2030 तक अंतरिक्ष को मलबे से मुक्त करने की इसरो की योजना की सराहना की। अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को अतीत की बेडियों से मुक्त किया है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस इस वर्ष देश भर में मनाया जा रहा है। इसमें सभी विभाग, मंत्रालय, शिक्षण संस्थान, विज्ञान संगठन, स्वैच्छिक संगठन और आम नागरिक भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने इसरो के रोबोटिक्स चुनौती और भारतीय अंतरिक्ष हैकथॉन के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री धनखड़ ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह दिन आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण प्रगति की याद दिलाता है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्र को अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना करने का भी दिन है। प्रदेश में भी पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। केन्द्रीय संस्कृत महाविद्यालय जयपुर में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालयों में भी अंतरीक्ष दिवस धूमधाम से मनाया गया। इन विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी और चित्रकला समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इसके अलावा विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की महत्ता के साथ भारत की अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी गयी। अन्य सरकारी और निजी स्कूलों में भी आज इस सिलसिले में तरह–तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। पाली के पीएम श्री बांगड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। स्कूली बच्चों को ऑडियो विज्युअल माध्यम से चन्द्रयान मिशन की जानकारी दी गई। कोटपूतली–बहरोड के निजी विद्यालय में बच्चों को अंतरिक्ष के बारे में विस्तार से बताया गया।

000

केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि कर देने वालों की सहूलियत के लिए जीएसटी से जुड़े कार्यालयों में और सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। वे आज उदयपुर में नये बनाये गये जीएसटी भवन के लोकापर्ण के मौके पर बोल रही थी। वित्त मंत्री ने कहा कि अधिकारियो और

करदाताओं के बीच सकारात्मक माहौल होने पर समस्याओं को आसानी से हल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीमेंट, टायर और खाद उद्योगों के साथ खनिज क्षेत्र का जीएसटी में बडा योगदान है और अब छोटे उद्योग भी विकसित हो रहे हैं। वित्तमंत्री ने कहा कि अब मोबाइल एप आने से एक्सपोर्ट/इम्पोर्ट आसान हुआ है। नया जीएसटी भवन बनाने पर करीब 32 करोड रूपया का खर्चा आया है। कार्यक्रम में उदयपुर के सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत भी उपस्थित रहे। इससे पहले श्रीमती सीतारमण ने आज नाथद्वारा में श्रीनाथजी के दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर मंडल के अधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

000

राज्यसभा की एक सीट के लिए हो रहे उप चुनाव में सुनील कोठारी ने आज अपना नामांकन वापिस लिया ले लिया। उल्लेखनीय है कि राज्य में एक सीट के लिए हो रहे राज्य सभा उप चुनाव के लिए तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र पेश किये थे। निर्दलीय प्रत्याशी बबीता वाधवानी का नामांकन रद्द हो गया था। इस उप चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के रवनीत सिंह एक मात्र प्रत्याशी बचे हैं। ऐसे में उनका इस उप चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।

000

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा और सुरक्षा दिशानिर्देश–2021 लागू करने का निर्देश दिया है। दिशा–निर्देश मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम पोक्सो दिशा–निर्देशों के अनुरूप विकसित किए गए थे। इनमें सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय करने के प्रावधान हैं।

000

-----------------------

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली समान पात्रता परीक्षा –सीईटी ग्रेजुएशन लेवल में अब नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। अभ्यर्थियों के विरोध और अब तक भरे गये आवेदनों की संख्या में कमी को देखते हुए यह निर्णय किया गया है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि इसके लिए जल्द ही विज्ञप्ति जारी की जायेगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया कि वे तुरंत आवेदन करें और आखिरी तारीख का इंतजार न करें। श्री आलोक ने कहा कि इस बार आवेदन की आखिरी तारीख को आगे नहीं बढाया जायेगा।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे ने अब तक कुल 5 हज़ार 312 किलोमीटर रेलमार्ग को बिजली से जोड़ने का काम पूरा कर लिया गया है । उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि जोन में रेल विद्युतीकरण के कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब तक उत्तर पश्चिम रेलवे के ब्रॉडगेज नेटवर्क के लगभग 98 प्रतिशत हिस्से में विद्युतीकरण हो चुका है। वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे पर 320 रेल सेवाएं बिजली ट्रैक्शन से चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि बीते वित्तीय वर्ष में कुल 1 हज़ार 127 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि बिच्छीवाडा – हिम्मतनगर और थैयात हमीरा – सानू रेलखंड का विद्युतीकरण 30 सितम्बर तक पूरा हो जायेगा। दौसा–गंगापुर सिटी रेलखंड का विद्युतीकरण अगले वित्त वर्ष में किया जाएगा ।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर जोरदार बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पाली, झुन्झुनू, चित्तौड और टोंक जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई है। आज सलूम्बर के राजसमंद, सराड़ा, सेमारी और मेवल क्षेत्र में रूक–रूक कर बारिश हुई। डूंगरपुर में दोपहर के समय हल्की बरसात होने से लोगों को तेज गर्मी और उमस से राहत मिली। सवाईमाधोपुर में आधे घंटे तक तेज बरसात हुई। शाहपुरा में दोपहर बाद बारिश हुई। उदयपुर में मूसलाधार बारिश हुई। धौलपुर में आज दोपहर बाद करीब 1 घंटे तक लगातार तेज बारिश हुई। शहर के सभी मुख्य मार्गों और निचले इलाकों में पानी भर गया। लगातार बारिश के कारण आंगई बांध के चार गेट खोले गये हैं। इस बीच पार्वती नदी की रपट पर भी पानी चल रहा है जिससे कई गांव के रास्ते अवरूद्ध हो गये हैं।

मौसम केन्द्र जयपुर ने कहा है कि पश्चिम बंगाल के उतरी भागों और झारखंड के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। केन्द्र निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इसके साथ ही महाराष्ट्र की तरफ अरब सागर की खाड़ी में एक और कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।

000

जैसलमेर के रामदेवरा में राम सरोवर तालाब में डूबने से एक श्रद्धालु की मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर मृतक के शव को सरोवर से बाहर निकाला गया। पुलिस इस श्रद्धालु की शिनाख्त में जुटी है।

000

बीकानेर जिले के गावों में सभी स्कूलों में चारदीवारी बनाई जायेगी। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की पहल पर ऐसे सभी स्कूलों का सर्वे करवाया गया है। पहले चरण में बिना चारदीवारी वाले या टूटी–फूटी चारदीवारी वाले 222 स्कूलों के लिए मनरेगा के तहत लगभग 20 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि अगले चरण के लिये प्रस्ताव मिलने के साथ ही बाकी स्कूलों की मंजूरी जारी कर दी जायेगी।

000